# LATEST NEWS

# Election

## Date : 24th Feb. 2026

## Office of Chief Electoral Officer Rajasthan

https:/election.rajasthan.gov.in/

Follow us on:

CEORAJASTHAN

हेल्पलाइन 1950

दैनिक भास्कर जयपुर 24-02-2026

सीएम-पूर्व सीएम के क्षेत्रों में 20% तक नाम कटे, इनकी जीत के मतों से ज्यादा

# SIR : 100 सीटों में जीत के अंतर से दो से पांच गुना तक वोटर कम हुए

हर्ष खटाना | जयपुर

प्रदेश में 100 से अधिक विधानसभा सीटें ऐसी हैं जहां पर 2023 के विधानसभा चुनाव परिणाम के मार्जिन की तुलना में दो से पांच गुना अधिक मतदाताओं के नाम एसआईआर में कट गए हैं। प्रदेश में कुल 31.36 लाख से अधिक (5.74 प्रतिशत) मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं।

2023 के चुनाव परिणाम में बीजेपी का मार्जिन कांग्रेस से सवा दो प्रतिशत के आसपास रहा था। बीजेपी को 1.65 से अधिक यानी 41.69 प्रतिशत वोट हासिल हुए थे और कांग्रेस को 1.58 से अधिक यानी 39.55 प्रतिशत वोट हासिल हुए थे। बीजेपी 644786 अधिक वोट हासिल करके सत्ता में आई थी। इस मार्जिन की तुलना में एसआईआर में चार गुना वोटरों के नाम कट गए हैं।

**ऐसे समझें गणित...**2023 के चुनाव में 28 सीटें ऐसी थीं, जहां जीत का अंतर 2,000 वोटों से कम था। इन सीटों पर औसत कटौती 15,000 से 30000 के बीच हुई।

- 100 से अधिक सीटों पर 2 से 5 गुना अधिक नाम कटने का अर्थ है कि चुनाव में यहां समीकरण बदल सकते हैं। एसआईआर में डेढ़ सौ से अधिक सीटें ऐसी हैं जो एसआईआर में जीत हार का मार्जिन प्रभावित करती हुई दिख रही हैं।

## 3 हजार से कम अंतर वाली 35 सीटों पर सात गुना तक नाम कटे

- प्रदेश में लगभग 35 ऐसी विधानसभा सीटें चिह्नित की गई हैं, जहां 2023 के चुनावों में जीत का अंतर 3000 से भी कम था। अब एसआईआर में वहां औसतन 22000 मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। ऐसे में जीत के मार्जिन की तुलना में सात गुना का अंतर एक बड़ा चुनावी उलटफेर के रूप में माना जा रहा है।
- **नाम हटने के मामलों में टॉप 3 जिलों में जयपुर, जोधपुर और उदयपुर भी :** एसआईआर वोटर लिस्ट में नाम हटने के मामलों में प्रदेश भर में टॉप 3 जिलों में जयपुर, जोधपुर और उदयपुर हैं। गौरतलब है कि जयपुर में 5.36 लाख, जोधपुर में 2 लाख से अधिक और उदयपुर में 1.58 लाख नाम हटाए गए हैं।

## सरदारपुरा में 19.98 फीसदी मतदाताओं के नाम कटे, ये प्रदेश में सबसे अधिक

सीएम भजनलाल शर्मा और पूर्व सीएम अशोक गहलोत के विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक नाम कटे हैं। भजनलाल शर्मा के क्षेत्र में ये आंकड़ा 61 हजार से अधिक है जो कि 16 प्रतिशत से ज्यादा है। वहीं पूर्व सीएम गहलोत के विधानसभा क्षेत्र सरदारपुरा में भले ही 51 हजार से अधिक नाम कटे हैं लेकिन ये आंकड़ा 19.98 है। जिसे प्रतिशत की तुलना में सर्वाधिक माना गया है।

## सांगानेर में 61674 नाम कम हुए

| विधानसभा | नाम कटे | 2023 जीत मार्जिन |
|---|---|---|
| सांगानेर | 61674 | 48081 |
| सरदारपुरा | 51,071 | 26396 |
| मारवाड़ जंक्शन | 1,032 | 12500 |
| नसीराबाद | 1135 | 18450 |
| कोटपूतली | 321 | 18000 |
| पुष्कर | 1387 | 14500 |
| आसींद | 1526 | 24186 |
| हवामहल | 39,000 | 974 |
| सूरसागर | 43,554 | 38759 |
| जोधपुर शहर | 39459 | 13525 |
| किशनपोल | 29000 | 7056 |
| लूणी | 29,866 | 24678 |
| आमेर | 19,000 | 9092 |
| भीलवाड़ा | 21438 | 10778 |
| टोंक | 23712 | 29475 |

## फॉर्म 6 भरकर अभी भी नाम जुड़वा सकते हैं

| | | |
|---|---|---|
| जो मतदाता स्थाई रूप से दूसरी जगह चले गए हैं | 19.18 लाख | 61.15% |
| जिनकी मृत्यु हो चुकी है | 8.75 लाख | 27.91% |
| दोहरी प्रविष्टि | 3.43 लाख | 10.94% |
| कुल विलोपन | 3136286 | 100% |

## सर्वाधिक नाम जोड़ने वाली 5 सीटों में से चार सीटों पर बीजेपी के प्रत्याशी जीते हैं

सबसे अधिक नाम जोड़ने वाली पांच सीटों में एक भी कांग्रेस की नहीं है। जिनमें शहरीकरण और नए आवासीय क्षेत्रों के कारण सबसे अधिक नए नाम जोड़े गए हैं, ऐसी सीटों में नंबर वन पर झोटवाड़ा, सांगानेर, विद्याधर नगर, बाड़मेर, फलौदी आदि शामिल हैं।

दैनिक भास्कर

डूंगरपुर भास्कर 24-02-2026

# चारों विस क्षेत्रों में पहली बार मतदान करेंगे 26 हजार 809 मतदाता, जिले में कुल मतदाता 10 लाख 40 हजार 487 हुए

डूंगरपुर| विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में 21 फरवरी को जारी अंतिम मतदाता सूची में जिलेभर में कुल 26,809 मतदाताओं की शुद्ध बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ड्राफ्ट प्रकाशन में कुल मतदाता 10 लाख 13 हजार 678 थे, जो अब बढ़कर 10 लाख 40 हजार 487 हो गए हैं।

इसमें 28 हजार 926 नए नाम जोड़े गए, जबकि 2 हजार 117 नाम विलोपित किए गए। विधानसभा क्षेत्रवार आंकड़ों के अनुसार सबसे अधिक शुद्ध बढ़ोतरी सागवाड़ा में हुई। यहां 8 हजार 44 नाम जोड़े गए और 687 नाम हटाए गए। यानी कुल 7 हजार 357 मतदाता बढ़े। आसपुर में 7 हजार 746 नए नाम जुड़े, जबकि 661 हटाए गए। इस प्रकार यहां 7 हजार 85 मतदाताओं की शुद्ध बढ़ोतरी हुई। डूंगरपुर विधानसभा क्षेत्र में 7 हजार 802 नाम जोड़े गए और 476 नाम विलोपित हुए।

## विधानसभा वार कुल मतदाता, शुद्ध बढ़ोतरी व महिला-पुरुष भागीदारी

| विधानसभा क्षेत्र | कुल मतदाता | शुद्ध बढ़ोतरी | पुरुष मतदाता | महिला मतदाता | महिला भागीदारी % | पुरुष भागीदारी % |
|---|---|---|---|---|---|---|
| डूंगरपुर | 2,52,592 | 7,326 | 1,29,968 | 1,22,620 | 48.55 | 51.45 |
| आसपुर | 2,66,553 | 7,085 | 1,36,995 | 1,29,556 | 48.61 | 51.39 |
| सागवाड़ा | 2,73,019 | 7,357 | 1,40,372 | 1,32,643 | 48.59 | 51.41 |
| चौरासी | 2,48,323 | 5,041 | 1,29,735 | 1,18,587 | 47.76 | 52.24 |
| जिला कुल | 10,40,487 | 26,809 | 5,37,070 | 5,03,406 | 48.38 | 51.62 |

यहां 7 हजार 326 मतदाताओं की शुद्ध बढ़ोतरी हुई। चौरासी में 5 हजार 334 नए नाम जुड़े और 293 हटाए गए। यहां 5 हजार 41 मतदाताओं की शुद्ध वृद्धि दर्ज हुई। जिले का लिंगानुपात 937 दर्ज किया गया है। बढ़ती मतदाता संख्या में युवाओं और महिला मतदाताओं की भागीदारी अहम मानी जा रही है। चुनावी नजरिए से देखें तो सागवाड़ा, डूंगरपुर और आसपुर में हुई उल्लेखनीय बढ़ोतरी आने वाले चुनावों में राजनीतिक दलों की रणनीति को प्रभावित कर सकती है। गौरतलब है कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में जिले में कुल 28 हजार 926 नए मतदाता जोड़े गए। इनमें बड़ी संख्या 18–19 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की मानी जा रही है, जो कि आगामी चुनाव में पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिले में नए जुड़े मतदाता लगभग 2.78% हैं। यही वर्ग फ़र्स्ट टाइम वोटर के रूप में चुनावी परिणामों में अहम भूमिका निभाएगा।